शुभम् भूयात् मंगलम् भूयात् कल्याणम् भूयात्

# अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्

वर्ष-17 | अंक 09-10
सितम्बर-अक्टूबर 2024

# पाथेय

सेवा ❖ संस्कार ❖ संगठन

# सम्पादकीय

**प्रिय युवा साथियों,**

**सादर अभिवादन एवं जय जिनेन्द्र!**

**प्रातः स्मरणीय परम पावन युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के सुपावन श्रीचरणों में सभक्ति वंदन। श्रद्धेया साध्वीप्रमुखाश्रीजी विश्रुतविभाजी, श्रद्धेय मुख्य मुनिश्री महावीरकुमारजी, श्रद्धेया साध्वीवर्या सम्बुद्धयशाजी, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक वंदनीय मुनिश्री योगेशकुमारजी आदि समस्त चारित्रात्माओं के चरणों में सादर वंदन।**

परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी सूरत में सुखसातापूर्वक ससंघ विराजमान हैं। पूज्य प्रवर के सान्निध्य में सूरत चातुर्मास में अध्यात्म की पावन गंगा प्रवाहित हो रही है। श्रावण-भाद्रव मास में त्याग-तपस्या का अनूठा रंग छाया हुआ था। पर्युषण पर्व एवं संवत्सरी महापर्व के दौरान प्रवचन पंडाल की छटा श्रद्धा से अभिभूत करने वाली थी। सूरत चातुर्मास स्थल के विशाल प्रांगण में विशाल व्यवस्थाओं के साथ तेयुप सूरत एवं निकटवर्ती परिषदों की विशाल कार्यकर्ता टीम भी सक्रिय रूप से जुड़कर अपने संघीय दायित्व का निर्वहन कर रही है।

दिनांक 8 सितम्बर 2024 को संवत्सरी महापर्व की आराधना कर दिनांक 9 सितम्बर 2024 को क्षमापना दिवस पर सभी से क्षमा याचना की। मैं समस्त युवा साथियों से विगत वर्ष में जाने-अनजाने में हुए किसी भी अप्रिय व्यवहार के लिये व्यक्तिगत एवं संस्थागत रूप से क्षमायाचना करता हूं।

**बंधुओं!** पूज्यवरों के आशीर्वाद से अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् ने दिनांक 17 सितम्बर 2024 को अपनी 60 वर्षों की विकास यात्रा पूर्ण की है। षष्टीपूर्ति का यह अवसर तेरापंथ समाज की संपूर्ण युवा शक्ति के लिये प्रसन्नता एवं गौरव का प्रसंग है। इस अवसर पर मैं परम पूज्य आचार्यश्री तुलसी एवं परम पूज्य आचार्यश्री महाप्रज्ञजी के पावन स्मरण और सादर नमन के साथ परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी को सविनय वंदना करता हुआ अभातेयुप पर पूज्यवरों के आशीर्वाद और कृपादृष्टि के प्रति कृतज्ञता के भाव व्यक्त करता हूं। अभातेयुप के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनिवृंद के पावन दिशा बोध हेतु कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं। अभातेयुप की समस्त शाखा परिषदों और तेरापंथ समाज की संपूर्ण युवाशक्ति को बधाई देता हुआ शुभ भविष्य के लिये यह मंगलकामना करता हूं कि सभी के सहयोग एवं सहभागिता से यह विकास यात्रा अनवरत चलती रहे।

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के 58वें वार्षिक अधिवेशन **'हम: एक से अनेक की यात्रा'** का भव्य आयोजन परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन सान्निध्य में दिनांक 23-24-25 अगस्त 2024 को भगवान महावीर यूनिवर्सिटी प्रांगण, वेसु, सूरत में संपन्न हुआ। अभातेयुप टीम सहित देशभर की 167 शाखा परिषदों से 963 युवाओं की सहभागिता रही। अधिवेशन के दौरान दिनांक 24 अगस्त 2024 को इम्पेक्ट फोरम का गरिमापूर्ण आयोजन हुआ, जिसमें व्यापार एवं उधोग जगत की जानी-मानी हस्तियों ने सहभागिता की। दिनांक 22 अगस्त 2024 को सूरत में अभातेयुप राष्ट्रीय कार्यसमिति की तृतीय बैठक भी आयोजित हुई।

सूरत में आयोजित अधिवेशन में परम पूज्य आचार्य प्रवर का पावन सान्निध्य एवं पावन पाथेय युवाओं के लिए विशेष ऊर्जा का आधार रहा। पूज्यप्रवर के अनुग्रह के प्रति सादर कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं। श्रद्धेया साध्वी प्रमुखाश्रीजी, श्रद्धेय मुख्य मुनिप्रवर, श्रद्धेया साध्वीवर्याजी का पावन उद्बोधन तथा बहुश्रुत परिषद सदस्य मुनिश्री उदितकुमारजी, बहुश्रुत परिषद सदस्य मुनिश्री दिनेशकुमारजी, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनिश्री योगेशकुमारजी, मुनिश्री कुमारश्रमणजी आदि चारित्रात्माओं का अलग-अलग सत्रों में पावन सान्निध्य एवं उद्बोधन युवाओं के लिए प्रेरक रहा, सभी के प्रति सादर कृतज्ञता। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद श्री तेजस्वी सूर्या और पूरी लोकसभा सांसद श्री संबित पात्रा की गरिमामयी उपस्थिति हेतु आभार। अधिवेशन संयोजक अभातेयुप उपाध्यक्ष श्री जयेश मेहता एवं संगठन मंत्री श्री अमित सेठिया ने अधिवेशन को सफल बनाने में निष्ठापूर्ण श्रम किया, उनके प्रति आभार। तेयुप सूरत के अध्यक्ष श्री अभिनंदन गादिया एवं मंत्री श्री सौरभ पटावरी के नेतृत्व में पूरी टीम के सहयोग व सहभागिता हेतु आभार। सूरत चातुर्मास व्यवस्था समिति के अध्यक्ष श्री संजय सुराना के नेतृत्व में पूरी व्यवस्था समिति की टीम के सहयोग हेतु आभार। देश भर से समागत युवाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता हेतु साधुवाद।

दिनांक 4 अगस्त 2024 को तेयुप टी.दासहल्ली एवं दिनांक 11 अगस्त 2024 को तेयुप कांटाबांजी द्वारा **दायित्व बोध कार्यशालाओं** का आयोजन हुआ। दिनांक 22 सितम्बर 2024 को तेयुप साउथ हावड़ा द्वारा **पूर्वांचल स्तरीय युवा सम्मेलन** का आयोजन किया गया।

अगस्त-सितम्बर माह में अभातेयुप के निर्देशन/तत्वावधान में शाखा परिषदों द्वारा अनेक कार्यक्रम संपादित हुए जिनकी संक्षिप्त अवगति पाथेय के इस अध्यक्षीय शीर्षक में एवं विस्तृत अवगति पूरे अंक के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी।

**मैं हूं सामायिक साधक** के अंतर्गत पयुर्षण पर्व के दौरान दिनांक 3 सितम्बर 2024 को सामायिक दिवस पर अभिनव सामायिक के आयोजन में 330 शाखा परिषदों ने सहभागिता की।

**तपोयज्ञ** के अंतर्गत प्रत्येक गुरूवार को अपनी धारणानुसार जमीकंद त्याग का क्रम निरंतर गतिमान है, जिसमें सितम्बर माह तक 1800 साथियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की है।

**भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला** के अंतर्गत अगस्त एवं सितम्बर माह में तेयुप अमराईवाड़ी-ओढ़व, तेयुप जयपुर, तेयुप चेन्नई, तेयुप इचलकरंजी एवं तेयुप कांदिवली द्वारा चारित्रात्माओं के सान्निध्य में कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

**बारह व्रत** आयाम के अंतर्गत दिनांक 1 से 8 अगस्त 2024 को बारह व्रत दीक्षा स्वीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक शाखा परिषदों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। दिनांक 17-18 सितम्बर 2024 को सूरत में परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन सान्निध्य में **बारह व्रत दीक्षा सम्मेलन** का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक संभागीगण की सहभागिता रही। बारह व्रत चेतना टी-20 लीग का ऑनलाइन आयोजन प्रत्येक पाक्षिक तेरस को किया जा रहा है।

**सम्यक दर्शन कार्यशाला** के अंतर्गत आचार्यश्री महाप्रज्ञजी की कृति पुरुषोत्तम महावीर पर आधारित कार्यशाला में 4 देशों के 242 क्षेत्रों से 3921 परीक्षाथियों ने परीक्षा दी। 102 क्षेत्रों की परिषदों द्वारा चारित्रात्माओं के सान्निध्य में कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

**जैन संस्कार विधि** के अंतर्गत अगस्त एवं सितम्बर माह में जन्मोत्सव, नामकरण, विवाह, भूमि पूजन, गृह प्रवेश आदि सम्बन्धित 509 कार्यक्रम 92 परिषदों द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों में सम्पादित हुए। दिनांक 18-19 सितम्बर 2024 को सूरत में परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन सान्निध्य में **जैन संस्कारक राष्ट्रीय सम्मेलन** का आयोजन हुआ, जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से 152 संस्कारकों की सहभागिता रही।

**मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव** के अंतर्गत एमबीडीडी रिद्म का आयोजन चल रहा है। अगस्त माह में 13 शाखा परिषदों द्वारा आयोजित 24 रक्तदान शिविरों में 1511 यूनिट एवं सितम्बर माह में अभातेयुप षष्टीपूर्ति के अवसर पर 24 परिषदों द्वारा आयोजित 69 रक्तदान शिविरों में 3606 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। भारत के बाहर नेपाल की एक परिषद् बीरगंज ने 15 रक्तदान शिविर आयोजित कर 1027 यूनिट रक्त संग्रह का नया इतिहास बनाया। दिनांक 01 अक्टूबर 2024 को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस (एमबीडीडी) के अवसर पर केन्द्रीय कार्यक्रम के रूप में भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय एवं अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा इंडिया ब्लड डोनेशन एनजीओ कॉन्क्लेव-2024 का आयोजन अणुविभा केन्द्र, मालवीय नगर, जयपुर में किया गया। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर का यह आयोजन प्रथम बार हुआ। एमबीडीडी टीम के निष्ठापूर्ण श्रम हेतु साधुवाद।

**आई डोनेशन** के अंतर्गत अगस्त एवं सितम्बर माह में 59 शाखा परिषदों द्वारा 107 नेत्रदान करवाए गए, जिसमें अगस्त एवं सितम्बर माह में सरदारपुरा जोधपुर परिषद द्वारा सभी परिषदों में सर्वाधिक नेत्रदान करवाए गये। अभातेयुप षष्टीपूर्ति पर दिनांक 15 सितम्बर से 06 अक्टूबर 2024 को नेत्रदान पखवाड़ा के अंतर्गत अभातेयुप द्वारा परिषदों के माध्यम से नेत्रदान के प्रति विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत लोगों को स्वैच्छिक रूप से मरणोपरांत नेत्रदान के संकल्प करवाए जा रहे हैं। नेत्रदान टीम के निष्ठापूर्ण श्रम हेतु हार्दिक साधुवाद।

**आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर** के अंतर्गत देश के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित सेंटर्स में अगस्त एवं सितम्बर माह में 94477 व्यक्तियों ने विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य परीक्षण सुविधाओं का लाभ प्राप्त किया।

**कॉन्फिडेंट पब्लिक स्पिकिंग** के अंतर्गत अगस्त एवं सितम्बर माह में तेयुप सूरत द्वारा आयोजित सीपीएस कार्यशाला में 22 संभागी, तेयुप सिलीगुड़ी द्वारा आयोजित कार्यशाला में 30 संभागी, तेयुप पाली द्वारा आयोजित कार्यशाला में 33 संभागी, तेयुप बीरगंज द्वारा आयोजित कार्यशाला में 51 संभागी एवं तेयुप हैदराबाद द्वारा आयोजित कार्यशाला में 27 संभागी बने। अभातेयपु के तत्वावधान में तेयुप सूरत द्वारा परम पूज्य आचार्य प्रवर के पावन सान्निध्य में दिनांक 17-18 सितम्बर 2024 को सूरत में **सीपीएस ट्रेनर्स कॉनक्लेव 'क्षितिज: बियोन्ड लिमिट्स'** का आयोजन हुआ, जिसमें 56 प्रशिक्षक संभागी रहे।

**व्यक्तित्व विकास कार्यशाला** के अंतर्गत अगस्त एवं सितम्बर माह में तेयुप जयपुर द्वारा आयोजित कार्यशाला में 120 से अधिक महानुभावों की उपस्थिति, तेयुप हैदराबाद द्वारा आयोजित कार्यशाला में 250 से अधिक महानुभावों की उपस्थिति, तेयुप अहमदाबाद द्वारा आयोजित कार्यशाला में 300 महानुभावों की उपस्थिति, तेयुप अमराईवाड़ी ओढ़व द्वारा आयोजित कार्यशाला में 120 से अधिक महानुभावों की उपस्थिति एवं तेयुप हैदराबाद द्वारा आयोजित कार्यशाला में 250 से अधिक महानुभावों की उपस्थिति रही।

**फिट युवा : हिट युवा** आयाम के अंतर्गत अगस्त एवं सितम्बर माह में तेयुप उदयपुर, चलथान एवं लुधियाना द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

**डाटा मैनेजमेंट** के अंतर्गत डाटा संग्रहण का कार्य जारी है। परिषदों एवं युवाओं के सहयोग से लगभग **317 परिषदों** का डाटा प्राप्त हो चुका है। डाटा भेजने वाली सभी परिषदों को साधुवाद एवं जिन्होंने अभी तक नहीं भेजा है, उन्हें शीघ्र डाटा भेजने हेतु निवेदन है।

अभातेयुप षष्टीपूर्ति के अवसर पर अनेक परिषदों द्वारा **'मंथन'** का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें स्थानीय शाखाओं के पूर्व अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण को आमंत्रित कर संस्था के भावी विकास हेतु उनके अनुभवों से परिपूर्ण सार्थक चिंतन मंथन का क्रम जारी है।

इस प्रकार अगस्त एवं सितम्बर माह में अभातेयुप के अनेक महत्वपूर्ण आयोजन परम पूज्य गुरुदेव के पावन सान्निध्य में संपादित हुए। मैं श्रीचरणों में कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं। चारित्रात्माओं के सान्निध्य में भी अनेक आयोजन हुए, एतदर्थ सान्निध्य प्रदाता चारित्रात्माओं के प्रति ज्ञापित करता हूं। सभी आयाम शाखा परिषदों और युवा साथियों के सहयोग व सहभागिता से सभी आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। अपेक्षा है कि संगठन के विकास में सभी शाखा परिषदें, युवा साथी और किशोर इसी प्रकार निरंतर सहयोगी बनते रहें।

अभातेयुप के अंतर्गत राष्ट्रीय पदाधिकारीगण द्वारा दिनांक 13 अक्टूबर 2024 से 27 अक्टूबर 2024 के मध्य देशभर की शाखा परिषदों की सार-संभाल संगठन यात्रा की जा रही है। अपेक्षा है कि सभी परिषदें अपने-अपने क्षेत्रों की संगठन यात्रा को प्रभावी और उपयोगी बनाने का प्रयास करें एवं पूर्ण जागरूकता के साथ राष्ट्रीय पदाधिकारीगण की यात्रा को सफल बनाएं।

सभी के प्रति मंगलकामनाओं के साथ–

**सदैव आपकी सेवा में**

**रमेश डागा**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष**

## आगामी कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| सार–संभाल महाअभियान | 13–27 अक्टूबर 2024 | संपूर्ण परिषदों में |
| दीपावली पूजन कार्यशाला | 18 से 30 अक्टूबर 2024 | संपूर्ण परिषदों में |
| जैन तेरापंथ न्यूज राष्ट्रीय प्रतिनिधि सम्मेलन 'गूंज' | 3–4 नवम्बर 2024 | सूरत |
| सम्मान व्रत चेतना का | 10 नवम्बर 2024 | संपूर्ण परिषदों में |

# दिशा-निर्देश

- शाखा परिषद् **पाथेय** का वाचन अपनी कार्यसमिति की बैठक में अवश्य करें। दिशा–निर्देशों के प्रति सजगता एवं सक्रियता परिषद् मूल्यांकन में महत्त्वपूर्ण होगी।
- अभातेयुप द्वारा संचालित जैन तेरापंथ न्यूज (JTN) में समाचार सम्प्रेषण हेतु ईमेल jtnmain@gmail.com एवं समाचार देखने हेतु www.jainterapanthnews.in व www.facebook.com/jainterapanthnews1 का उपयोग करें।
- स्थानीय परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अगर उसी स्थान पर अभातेयुप के पदाधिकारी हो तो उस कार्यक्रम की अध्यक्षता वे ही करें, ऐसा सुनिश्चित हो।
- किसी भी शहर एवं क्षेत्र में नई शाखा परिषद् खोलने हेतु निर्धारित रूप में आवेदन भरकर महामंत्री कार्यालय में भिजवावें एवं सम्पर्क करें।
- तेयुप कार्यकारिणी का प्रत्येक सदस्य पूर्ण रूप से **व्यसन मुक्त** होना अनिवार्य है। अगर कोई भी पदाधिकारी/कार्यसमिति सदस्य व्यसन मुक्त नहीं है तो वह व्यसन मुक्त बने या आत्मसाक्षी से अपने **पद/दायित्व** का विसर्जन करें।
- प्रकाशन सम्बन्धित शिकायत/सुझाव/स्थान परिवर्तन हेतु **prakashanabtyp@gmail.com** पर मेल करें अथवा अपने शाखा प्रभारी से संपर्क करें।
- **अभातेयुप के पदाधिकारी किसी भी शाखा परिषद् की संगठन यात्रा पर आएं तब वहां की परिषद् साफा, शॉल, माला, मेमेन्टो, साहित्य या किसी भी प्रकार के गिफ्ट इत्यादि से सम्मान करने का क्रम न रखें। आपका सहयोग एवं आदर भाव ही कार्यकर्त्ताओं के लिए प्रेरक बनता है।**
- अभातेयुप के पदाधिकारी/प्रभारी/कार्यसमिति सदस्य/क्षेत्रीय सहयोगी द्वारा सम्पन्न संगठन यात्राओं का संक्षिप्त विवरण **abtypsecretary@gmail.com** पर प्रत्येक महीने की अन्तिम तिथि तक आवश्यक रूप से ईमेल करें।
- शाखा परिषद् अपना **बकाया शुल्क** अभातेयुप के निम्नलिखित QR Code का उपयोग करते हुए संबंधित बैंक खाते में जमा करवाकर उसकी सूचना जमा रसीद की प्रतिलिपि के साथ केन्द्रीय कार्यालय लाडनूं के **मोबाइल नंबर 8905995001** पर भेजें।
- **शाखा प्रभारी** अपने प्रभार की परिषदों से निरन्तर सम्पर्क में रहकर उनके कार्यों में सहयोग एवं मार्गदर्शन करें। साथ ही शाखा परिषद् भी अपने प्रभारी के सम्पर्क में रहें तथा परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में उन्हें अनिवार्य रूप से आमंत्रित करें।
- **किसी भी शाखा परिषद् को किसी भी प्रकार की भावना/शिकायत प्रेषित करनी हो तो सिर्फ शाखा प्रभारी के माध्यम से ही प्रेषित करें, अन्य कहीं (पूज्यप्रवर/अभातेयुप पर्यवेक्षक मुनिश्री/राष्ट्रीय अध्यक्ष/महामंत्री) भी प्रेषित न करें। यदि आपको उचित समय में शाखा प्रभारी द्वारा संतुष्ट प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं होता है तत्पश्चात् महामंत्री को प्रेषित करें। उक्त बातों पर अनुपालना होने पर संबंधित शाखा परिषद् अथवा व्यक्ति पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।**
- स्थानीय शाखा परिषदें अपने क्षेत्र में ही कार्य ही करें एवं किसी भी प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन न करें। कोई भी शाखा परिषद् यदि कोई स्थाई प्रकल्प/कार्यक्रम करती है तो अभातेयुप के **राष्ट्रीय अध्यक्ष** से अनुमति प्राप्त करें। परमपूज्य गुरुदेव के प्रवास स्थल पर शहर की सभी शाखा परिषदें कार्य कर सकती है।
- जो कार्यसमिति सदस्य लगातार 2 बैठकों में बिना अलग से लिखित सूचना दिए अथवा लगातार 3 बैठकों में सूचना देकर भी अनुपस्थित रहता है तो उसका पद स्वत: ही रिक्त माना जाएगा, किन्तु अध्यक्ष उन्हें पुन: मनोनीत कर सकता है। लगातार चार बैठकों में अनुपस्थित रहने पर किसी भी कार्यसमिति सदस्य को अध्यक्ष भी उस कार्यकाल में पुन: मनोनीत नहीं कर सकता है। इस गणना में आपातकालीन या तात्कालिक बैठक शामिल नहीं की जाएगी।
- पच्चीस बोल कण्ठस्थ करने का सलक्ष्य प्रयास करें।
- अभातेयुप के तत्वावधान में आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम एवं आमंत्रण पत्र की सम्पूर्ण रूपरेखा **महामंत्री कार्यालय** से निश्चित रूप से स्वीकृत करावें, निर्देश की अवहेलना पर अभातेयुप का तत्वावधान नहीं माना जाएगा।
- शाखा परिषद् के सभी सदस्य गुरु इंगितानुसार प्रत्येक शनिवार को सायं 7 से 8 बजे के बीच सामायिक करने के लिए संकल्पित बनें।
- सभी शाखा परिषदें प्रत्येक माह की तेरस को **धम्म जागरण** का कार्यक्रम अवश्य समायोजित करें।

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के महत्वपूर्ण आयाम **"मैं हूँ सामायिक साधक"** के अंतर्गत शाखा परिषदों के माध्यम से किशोरों एवं युवाओं में सामायिक के प्रति जागरूकता बढ़े, इस हेतु प्रत्येक तेरापंथी किशोर एवं युवक को प्रत्येक शनिवार अथवा महीने की चार सामायिक करने के लिए संकल्पित करवाने का लक्ष्य है। पर्युषण पर्व में सामायिक दिवस पर अभिनव सामायिक के आयोजन में 330 शाखा परिषदों की सहभागिता रही। अधिक जानकारी के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें:-

**प्रभारी**
**राकेश दक, 9916949115**

**सहप्रभारी**
**दीपक श्रीमाल, 9374674694**










युवकों एवं किशोरों में जैनत्व और अध्यात्म के संस्कार पुष्ट करने हेतु अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा अभियान चलाया जा रहा है– **"तपस्या का महायज्ञ-तपोयज्ञ"**। कर्म निर्जरा के इस क्रम में जप, त्याग, पचक्खाण एवं पौषध के विविध कार्यक्रम परिषदों के माध्यम से किये जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें।

त्याग जैन धर्म का आधार है और गुरुदेव का प्रिय विषय है। साथियों, तपोयज्ञ के अंतर्गत प्रत्येक गुरुवार अपनी धारणानुसार जमीकंद त्याग या संपूर्ण जमीकंद त्याग का संकल्प लें (निर्धारित जमीकंद : आलू, प्याज, लहसुन, शकरकंद, गाजर, मूली इत्यादि)। सभी अभातेयुप साथी एवं समस्त शाखा परिषदें प्रत्येक गुरुवार जमीकंद त्याग में सहभागी बने। त्यागी गुरुवार में सितम्बर माह तक 1800 साथियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

**प्रभारी**
**जितेश पोखरणा, 9001009101**

**सहप्रभारी**
**अमित कांकरिया, 9422092222**

भगवान महावीर ने अणगार धर्म एवं आगार धर्म की प्ररूपणा की। जो व्यक्ति अणगार धर्म का पालन करने में सक्षम है, उन्हें उसका पालन करना चाहिए जो उसमें सक्षम नहीं है, उन्हें आगार धर्म का मार्ग अपनाना चाहिए। श्रावक के 12 व्रत आगार धर्म की साधना के अंतर्गत आते हैं, जिनके माध्यम से हम असंयम की सीमा कर मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर होते हैं।

श्रावकों में व्रत चेतना जागरण एवं संयममय जीवन की भावना को मुखरित करने हेतु अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा शाखा परिषदों के माध्यम से **''बारह व्रत दीक्षा स्वीकरण कार्यशाला''** का आयोजन दिनांक 01 से 08 अगस्त 2024 को किया गया, जिसमें 200 से अधिक शाखा परिषदों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। परिषदों से 3500 से अधिक फॉर्म प्राप्त हुए एवं बारह व्रत की कुल 7000 किताबें वितरित की गई।



## बारह व्रत दीक्षा सम्मेलन

अभातेयुप के तत्वावधान में परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन सान्निध्य में **'बारह व्रत दीक्षा सम्मेलन'** का आयोजन दिनांक 17-18 सितम्बर 2024 को सूरत में हुआ। गुरुदेव ने अपने मंगल उद्बोधन में प्रेरणा पाथेय प्रदान करते हुए फरमाया कि साधुओं के पाँच महाव्रत होते हैं, जिसकी वो पालना करते हैं। उसी प्रकार श्रावकों के लिए भी छोटे-छोटे नियम होते हैं, जिनका वो पालन कर सकते हैं। बारह व्रत के बारे में गुरुदेव ने विस्तृत रूप से सभी व्रतों की व्याख्या की और फरमाया कि उसकी पालना हो उसके लिए

उसका ध्यान रखें और बराबर उसको याद करें। बारह व्रत की किताब के बारे में गुरुदेव ने फरमाया कि किताब पढ़ते रहें कि ये मेरे नियम हैं, जिससे उसका पालन अच्छे ढंग से हो सकता है। कहानी के माध्यम से भी गुरुदेव ने प्रेरणा प्रदान की। त्याग और नियम आदमी लेता है तो अच्छे ढंग से पाले, एक-एक नियम भी बहुत कल्याणकारी हो सकता है। आत्मा के लिये तो कल्याणकारी है ही, व्यवहार के लिए भी कल्याणकारी हो सकता है। सम्मेलन में मुनिश्री दिनेशकुमारजी, अभातेयुप आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनिश्री योगेशकुमारजी प्रेरणा पाथेय प्रदान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रमेश डागा ने बारह व्रत कार्यशाला में कितने श्रावक बारह व्रती बने उसके बारे में जानकारी प्रेषित करते हुए गुरुदेव के प्रति कृतज्ञता प्रेषित की। सम्मेलन में 200 से अधिक संभागियों की सहभागिता रही।



**बारह व्रत दीक्षा सम्मेलन, सूरत, दिनांक 17-18 सितम्बर 2024**


श्रावकों में व्रत चेतना जागरण एवं संयममय जीवन की भावना को मुखरित करने हेतु अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा इस वर्ष **"बारह व्रत चेतना टी-20 लीग"** का आयोजन हर पाक्षिक तेरस को ऑनलाइन किया जा रहा है, जिसके हर आयोजन पर उपहार जीत सकते हैं। इस लीग के अब तक छः चरण पूरे हो चुके हैं एवं इससे जुड़ने के लिए नीचे दिये व्हाट्सअप चेनल लिंक पर क्लिक करें।



Channels

FOLLOW US ON WHATSAAP CHANNEL

## Barah Vrat T20 प्रतियोगिता FAQ

**01. 12 व्रत चेतना T20 League लीग क्या है?**

उ. अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा श्रावकों में 12 व्रत की चेतना पुष्ट करने हेतु यह एक ऑनलाइन प्रतियोगिता है।

**02. 12 व्रत T20 का उद्देश्य क्या है ?**

उ. गुरु इंगित आराधना कर समस्त श्रावक समाज को बारह व्रतों के प्रति सजग कर, बारह व्रती श्रावक बनने हेतु प्रोत्साहित करना।

**03. प्रतियोगिता में कौन-कौन भाग ले सकते हैं?**

उ. प्रतियोगिता में सकल तेरापंथ श्रावक समाज भाग ले सकता है।

**04. प्रतियोगिता कब होगी?**

उ. यह पाक्षिक प्रतियोगिता है। इसका आयोजन हर माह के तेरस को रात्रि 9 बजे से होगा।

**05. प्रतियोगिता की रूपरेखा क्या होगी?**

उ. प्रतियोगिता में 20 प्रश्न पूछे जाएंगे एवं प्रति प्रश्न के सही उत्तर हेतु चार विकल्प दिए जाएंगे, सही उत्तर पर क्लिक करना होगा। प्रतियोगिता में विभिन्न विषय अंतर्गत प्रश्नोत्तरी की एक PDF पूर्व में तैयारी हेतु भेज दी जाएगी, प्रश्न उसी PDF में से ही आयेंगे।

**06. प्रतियोगिता में कैसे जुड़ सकते हैं?**

उ. प्रतियोगिता हेतु एक अलग से व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। लिंक के माध्यम से आप उसमें जुड़ सकते हैं।

**07. प्रतियोगिता के विजेता बनने के लिए क्या करना होगा?**

उ. जो भी संभागी सबसे ज्यादा सही जवाब सबसे कम समय में देगा उसे विजेता घोषित किया जायेगा।

**08. क्या प्रतियोगिता के विजेता के लिए पुरस्कार भी हैं?**

उ. हाँ। प्रतियोगिता में प्रथम-40 ग्राम, द्वितीय-20 ग्राम, तृतीय-10 ग्राम एवं 10 प्रोत्साहन पुरस्कार में 5 ग्राम चांदी के सिक्के दिए जायेंगे।

**प्रभारी**
रोहित दूगड़, 9954609816

**सहप्रभारी**
गौतम बरड़िया, 9929125932

अभातेयुप जीवनदायी दवाईयों को सुलभ मूल्यों पर उपलब्ध करवाकर एक और मानव सेवा का महान कार्य कर रही है। इस उपक्रम का नाम है– **''आचार्य महाप्रज्ञ मेडिकल्स''**। आपने क्षेत्र में मानव सेवा के इस प्रकल्प को शुरू करने के लिए संपर्क करें:-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
| --- | --- |
| विकास बोथरा, 9933773417 | अमित दक, 9620696106 |

तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्यश्री भिक्षु के सिद्धांतों, विचारों एवं जीवन दर्शन को जानने व समझने की दृष्टि से इस सत्र अभातेयुप के अंतर्गत **''भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला''** का उपक्रम प्रारंभ किया गया है। शाखा परिषदें अपने क्षेत्र में चारित्रात्माओं के सान्निध्य में कार्यशालाओं का आयोजन करें। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
| --- | --- |
| श्रेयाँस कोठारी, 9772189080 | राकेश पोकरणा, 9902023187 |

**प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अगस्त एवं सितम्बर माह में आयोजित भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशालाएं**




| दिनांक | सान्निध्य | आयोजक परिषद् | उपस्थिति |
| --- | --- | --- | --- |
| 11-08-24 | साध्वीश्री काव्यलताजी आदि ठाणा | अमराईवाड़ी ओढव | 150 |





| दिनांक | सान्निध्य | आयोजक परिषद् | उपस्थिति |
| --- | --- | --- | --- |
| 18-08-24 | शासनश्री साध्वीश्री मधरेखाजी आदि ठाणा | जयपुर | 100+ |





| दिनांक | सान्निध्य | आयोजक परिषद् | उपस्थिति |
| --- | --- | --- | --- |
| 15-09-24 | साध्वीश्री डॉ. गवेषणाश्रीजी आदि ठाणा | चेन्नई | 450 |





| दिनांक | सान्निध्य | आयोजक परिषद् | उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| 15-09-24 | शासनश्री साध्वीश्री कंचनप्रभाजी आदि ठाणा | इचलकरंजी | 75+ |







| दिनांक | सान्निध्य | आयोजक परिषद् | उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| 16-09-24 | साध्वीश्री डॉ. मंगलप्रज्ञाजी आदि ठाणा | कांदिवली-मुंबई | 100+ |

Confident Public SpeaKING
An Effective Communication Course

आचार्य श्री तुलसी का स्वप्न था कि संघ के हर युवक का विकास हो, संघ का प्रत्येक युवक जैनत्व व तेरापंथ को जाने, अपनी वक्तृत्व शैली को निखारकर श्रेष्ठ वक्ता बने। चारित्रात्माओं के प्रवचन श्रवण एवं उद्बोधनकला से श्रावक समाज लाभान्वित हो रहा है, उसी तरह प्रत्येक युवक अपनी वक्तृत्व शैली को उजागर कर संघ एवं संघपति के प्रति समर्पित रहकर सेवा, संस्कार एवं संगठन के त्रिआयामी उद्देश्यों को किस तरह जीवन में अंकुरित करें, इस हेतु अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा **"CONFIDENT PUBLIC SPEAKING (CPS)"** का आयोजन किया जा रहा है। वाक् कौशल को सुधारने, **STAGE FEAR** को मिटाने एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए **CONFIDENT PUBLIC SPEAKING** कोर्स का आयोजन भी परिषदें अपने स्तर पर कर सकती हैं। इस आयाम के लिए प्रशिक्षकों की व्यवस्था अभातेयुप करेगी। विस्तृत एवं अन्य कोई जानकारी के लिए इच्छुक परिषदें संपर्क करें :-

**प्रभारी**
**दिनेश मरोठी, 9480048066**

**सहप्रभारी**
**सोनू डागा, 9976967748**

## प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अगस्त एवं सितम्बर माह में आयोजित सीपीएस कार्यशालायें







| दिनांक | अध्यक्षता | प्रशिक्षक | आयोजक परिषद् | संभागी |
|---|---|---|---|---|
| 05-11 अगस्त 2024 | जयेशजी मेहता | आकाशजी शाह, नूतनजी लोढा, महावीरजी भटेवरा | सूरत | 22 |




| दिनांक | अध्यक्षता | प्रशिक्षक | आयोजक परिषद् | संभागी |
|---|---|---|---|---|
| 12-18 अगस्त 2024 | अमितजी नाहटा | दिव्यांशजी जैन, जिनेशजी जैन, अखिलजी मारू | सिलीगुड़ी | 30 |




| दिनांक | अध्यक्षता | प्रशिक्षक | आयोजक परिषद् | संभागी |
|---|---|---|---|---|
| 9-15 सितम्बर 2024 | जयेशजी मेहता | रमेशजी भंसाली, शिवानीजी चोपड़ा, महावीरजी भटेवरा | पाली | 33 |




| दिनांक | बैच | अध्यक्षता | प्रशिक्षक | आयोजक परिषद् | संभागी |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 से 28-9-2024 | दो | पवनजी मांडोत | दियाजी ओसवाल, विनीतजी सिंघवी, चिरागजी पामेचा | बीरगंज (नेपाल) | 51 |




| दिनांक | अध्यक्षता | प्रशिक्षक | आयोजक परिषद् | संभागी |
|---|---|---|---|---|
| 23 से 29-9-2024 | जयेशजी मेहता | डिंपलजी जैन, संगीताजी गन्ना, दिनेशजी बुरड़ | हैदराबाद | 27 |

## सीपीएस ट्रेनर्स कॉनक्लेव 'क्षितिज-Beyond Limits'

Confident Public SpeaKING
क्षितिज
BEYOND LIMITS
CPS
TRAINERS' CONCLAVE
17-18 September 2024

अभातेयुप के तत्वावधान में युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन सान्निध्य में तेरापंथ युवक परिषद् सूरत द्वारा द्विदिवसीय सीपीएस ट्रेनर्स कॉनक्लेव 'क्षितिज-Beyond Limits' का आयोजन किया गया, जिसमें 56 प्रशिक्षक संभागी बने। परम पूज्य गुरुदेव ने सभी को आशीर्वाद देते हुए फरमाया कि वक्तृत्व कला का बाह्य भाग है हावभाव, वाक् शैली आदि, परंतु आंतरिक भाग है ज्ञान। सभी प्रशिक्षक अपने ज्ञान को निरंतर बढ़ाते रहें। अभातेयुप आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनिश्री योगेशकुमारजी ने फरमाया कि प्रशिक्षक स्वयं को केवल सीपीएस तक ही सीमित नहीं करें अपितु तेरापंथ धर्मसंघ की प्रभावना के लिए उपासक, प्रवक्ता और विविध विषयों पर निरंतर प्रशिक्षण में लगे रहें एवं प्रशिक्षकों को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कॉनक्लेव में मुनिश्री जागृतकुमारजी ने प्रेरणा देते हुए फरमाया कि इच्छाएं अपरिमित है परंतु जरूरतें सीमित हैं, हमें इच्छाओं को नहीं आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर कार्य करना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रमेश डागा, उपाध्यक्ष श्री जयेश मेहता, महामंत्री श्री अमित नाहटा, सहमंत्री श्री लक्की कोठारी, संगठन मंत्री श्री अमित सेठिया, मुख्य प्रशिक्षक श्री अरविन्द मांडोत, प्रवृत्ति सलाहकार श्री सतीश पोरवाड़, राष्ट्रीय प्रभारी श्री दिनेश मरोठी, सहप्रभारी श्री सोनू डागा ने सीपीएस और कॉनक्लेव के बारे में भावाभिव्यक्ति दी। मुख्य प्रशिक्षक श्री अरविन्द मांडोत ने राष्ट्रीय प्रशिक्षक के रूप में उत्तीर्ण हुए अखिलजी मारू, अनिलाजी सेठिया, अरविंदजी पोकरणा, चिरागजी पामेचा, दिनेशजी मरोठी, महावीरजी भटेवरा, भव्यजी बोथरा, प्रीतिजी धाकड़, मनीषाजी सेठिया, विवेकजी संकलेचा और विनीतजी सिंघवी के नामों की घोषणा की। आचार्य प्रवर के समक्ष इन राष्ट्रीय प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र भेंट किए गए और 24 जोनल ट्रेनर्स के नामों की घोषणा की। सभी प्रोविजनल ट्रेनर्स को मूल्यांकन प्रणाली के आधार पर सीपीएस राष्ट्रीय और जोनल प्रशिक्षक के प्रमाण पत्र भेंट किए गए।














''**युवा वाहिनी**'' के अंतर्गत परमपूज्य आचार्यप्रवर की अणुव्रत यात्रा एवं चारित्रात्माओं की रास्ते की सेवा युवा साथी अधिक से अधिक सहभागी बने। आचार्यप्रवर की अणुव्रत यात्रा मुंबई से प्रस्थान कर सूरत की ओर अग्रसर है। सभी शाखा परिषदों से अनुरोध है कि अणुव्रत यात्रा में आचार्यप्रवर की रास्ते की सेवा हेतु अपना रजिस्ट्रेशन राष्ट्रीय प्रभारी एवं सहप्रभारी को करवावें। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| नितेश कोठारी, 9367750695 | महेश परमार, 9892121205 |

आचार्यप्रवर की सेवा में देश-विदेश से आने वाली युवा शक्ति के लिए चौका ''**सत्कार**'' की व्यवस्था ''मोबाईल हाऊस'' के रूप में निरंतर गतिशील है। इसमें रहने एवं भोजन सम्बन्धित सभी अपेक्षित संसाधन उपलब्ध हैं। साथ ही साथ युवकों में संस्कारों का संचार हो इसलिए रास्ते की सेवा के साथ-साथ गोचरी सम्बन्धित जानकारी भी प्रदान की जाती है। सत्कार में कोई भी परिषद् या परिवार एक माह की सेवा ले सकता है, इसके लिए अनुदान 2,50,000/- प्रति माह रखा गया है। 7 दिन हेतु 75,000/- और 15 दिन हेतु 1,25,000/- के अनुदान द्वारा भी सत्कार सेवा का लाभ लिया जा सकता है। उस माह के अंतर्गत संबंधित अनुदानदाता का बैनर लगाया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| संदीप डागा, 9831058450 | गौतम बाफना, 9327916676 |

**अगस्त एवं सितम्बर माह में चौका सत्कार हेतु प्राप्त सहयोग**

तेयुप पूर्वांचल-कोलकाता | तेयुप साउथ कोलकाता | तेयुप डोंबिवली-मुंबई | तेयुप गांधीनगर-बैंगलोर

किशोर एवं युवा जो शिक्षा के लिए अपने घर से दूर अन्य शहर/क्षेत्र में रहते हैं। ऐसे विद्यार्थियों की शिक्षा निर्बाध रूप से चले एवं दैनिक आवश्यकताओं की सुगमता हेतु अभातेयुप द्वारा सर्वसुविधायुक्त ''**आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल**'' की श्रृंखला देशभर में प्रदान की जा रही है। हॉस्टल में किचन, स्टडी रूम, योगा/प्रेयर रूम, डाइनिंग, हॉल, जिम आदि की सुविधायें होंगी। अहमदाबाद, बैंगलोर, दिल्ली, कोलकाता, कोटा एवं दोंडाइचा में हॉस्टल संचालित हो रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-


| प्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|---|---|---|
| संदीप हिंगड़ | संदीप ओस्तवाल | सुमित कोठारी | विकास कोठारी | विशाल आंचलिया |
| 9829297100 | 9414184850 | 9830788860 | 9892947168 | 9392468909 |

## संचालित आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल

| | |
|---|---|
| Ahmedabad (Girls) | Sardar Patel Colony, Opp. Regenta Hotel, Near Girish Cold Drink Cross Road, Navrangpura, Ahmedabad (Gujarat) M.: 9374986950, 9429628380, 9409514619, 8980037000 |
| Bangalore | 1934, 13th Cross, Railway Pipeline Ext., Hampinagar, Bangalore-560040 (Karnataka), M.: 8892771749, 9380260206, 9902023187, 9900107407 |
| Delhi | Terapanth Bhawan, A-875, TYP Floor, Shastri Nagar, Delhi-110052, M.: 9873447932, 9899075762, 9870466552, 9990992348 |
| Kolkata | TYP Tollygunge House, 25/97, Rajendra Prasad Colony (Prince Golam Md. Shah Road), Golf Green, Tollygunge, Kolkata-700095 (W. B.), M.: 9830788860, 9088011111, 8100110111 |
| Kota | 1 D22, Talwandi, Kota-324005 (Rajasthan), M.: 9251437108, 9783655036, 982952564, 9413007336 |
| Donadaicha (Girls) | Ahimsa Campus, Dhule Road, Dondaicha-425408 (Maharashtra), M.: 8655690391 |

# सम्यक दर्शन कार्यशाला

तेरापंथ समाज में जैनदर्शन, तेरापंथ दर्शन, तत्वज्ञान में रुचि बढ़ाने हेतु अभातेयुप और समण संस्कृति संकाय (जैन विश्वभारती, लाडनूं) की संयुक्त आयोजना में सम्यक दर्शन कार्यशाला-2024 का आयोजन संपूर्ण देश और विदेश में शाखा परिषदों के माध्यम से किया गया। भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण वर्ष और अभातेयुप के षष्ठीपूर्ति वर्ष के विशिष्ट अवसर पर आचार्य महाप्रजजी की अनुपम कृति पुरुषोत्तम महावीर इस कार्यशाला का पाठ्यक्रम रहा एवं 5500 से अधिक किताबों का वितरण किया गया। कार्यशाला के दौरान 3 जून से 22 अगस्त तक लगभग 7000 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं को ऑनलाइन स्वाध्याय करवाया गया। 102 क्षेत्रों की परिषदों के माध्यम से 90 से अधिक कार्यशालाओं में विराजित चारित्रात्माओं द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सान्निध्य और प्रशिक्षण हेतु अनंत-अनंत कृतज्ञता। कार्यशाला की ऑनलाइन परीक्षा दिनांक 28 एवं 31 अगस्त, 2024 को निर्धारित थी। कार्यशाला में 4720 श्रावक-श्राविकाओं ने परीक्षा हेतु पंजीकरण किया, जिसमें 4 देश से 242 क्षेत्रों के 3921 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कार्यशाला में संभागियों को प्रशिक्षण हेतु समणीवृन्द कमलप्रज्ञाजी, तरुणप्रज्ञाजी, सुमनप्रज्ञाजी का वक्तव्य YOUTUBE पर अपलोड कर प्रसारित किया गया, जिसे 61000 से अधिक लोगों द्वारा देखा गया, समणीवृन्द के प्रति कृतज्ञता। कार्यशाला में स्वाध्यायी/प्रतिभागी निरन्तर जुड़ रहे हैं। अभातेयुप टीम, शाखा परिषदों एवं समण संस्कृति संकाय की टीम के प्रति सफल कार्यशाला हेतु श्रम नियोजित करने के लिए विशेष साधुवाद।




| मालचंद बेगानी | मनीष बाफना | पुखराज डागा |
|---|---|---|
| विभागाध्यक्ष समण संस्कृति संकाय | प्रभारी, अभातेयुप 7014522237 | संयोजक, समण संस्कृति संकाय 9810449960 |
| **पंकज डांगी** | **राजेश दुगड़** | **स्नेहलता चोरड़िया** |
| सहप्रभारी, अभातेयुप 9974078759 | सहसंयोजक, समण संस्कृति संकाय 9818211799 | सहसंयोजक, समण संस्कृति संकाय 8089280285 |





















Acharya Tulsi
Diagnostic Centre
Dental Care
Dialysis Centre

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् अपने त्रिआयामी उद्देश्यों सेवा-संस्कार-संगठन के साथ आगे बढ़ रही है। सामाजिक क्षेत्र में सेवा का उद्देश्य भी महत्वपूर्ण है। "आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर" अभातेयुप का मानव सेवा को समर्पित महत्वपूर्ण उपक्रम है, जिनमें विभिन्न प्रकार की मेडीकल जांच एवं दंत रोगों का न्यूनतम दरों पर उच्चतम ईलाज किया जाता है। एटीडीसी से सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त करने हेतु सम्पर्क करें:-

| प्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|---|
| सौरभ मुणोत, 8655690391 | आलोक छाजेड़, 9739048090 | ललित मेहर, 9880028999 |

## देशभर में संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर्स से प्राप्त अगस्त एवं सितम्बर माह की रिपोर्ट

| Center Name | Aug. | Sep. |
|---|---|---|
| Vijaynagar-Bangalore | 3078 | 2985 |
| Magadi Road-Vijaynagar | 1604 | 1579 |
| Hampinagar-Vijaynagar | 2101 | 2105 |
| Kamakshipalya-Vijaynagar | 439 | 436 |
| Nagarbhavi-Vijaynagar | 740 | 693 |
| Mudalpalya-Vijayanagar | 552 | 557 |
| Gandhingar-Bangalore | 1797 | 1920 |
| Adugodi-Gandhinagar | 101 | 98 |
| Guttahalii-Gandhinagar | 207 | 238 |
| R. R. Nagar-Bangalore | 1426 | 1302 |
| HBST-Bangalore | 291 | 355 |
| Srirampuram-Rajajinagar | 847 | 672 |
| Hubali | 99 | 80 |
| N. S .Road-Mysore | 1085 | 1044 |
| T. K. Layout-Mysore | 405 | 406 |
| Udhna | 4318 | 3913 |
| Pandesara-Udhna | 229 | 243 |
| Bhestan-Udhna | 518 | 502 |
| Surat | 881 | 843 |
| Someshwaram-Surat | 150 | 136 |
| VIP Plaza-Surat | 91 | 95 |
| City Centre-Ahmedabad | 549 | 734 |
| Subh Complex-Ahmedabad | 289 | 384 |
| Amraiwadi | 128 | 177 |
| Bardoli | 539 | 541 |
| Coimbatore | 78 | -- |
| Puzhal-Chennai | 3762 | 3865 |

| Center Name | Aug. | Sep. |
|---|---|---|
| Purasawalkam-Chennai | 468 | 463 |
| Triplicane-Chennai | 1328 | -- |
| Redhills-Chennai | 387 | 358 |
| Vyasarpadi-Chennai | 475 | 508 |
| Nathdwara | 205 | 323 |
| Udaipur | 130 | 210 |
| Bhilwara | 332 | 253 |
| Jaipur | 411 | 639 |
| Gangashahar | 362 | 474 |
| Nokha | 341 | 526 |
| Chembur Naka | 547 | 439 |
| Tilak Nagar-Chembur | 2209 | 1969 |
| Dombivali-Mumbai | 2146 | 1755 |
| Koparkhairne-Mumbai | 321 | 331 |
| Airoli-Mumbai | 1544 | 1519 |
| Ulhasnagar-Mumbai | 361 | -- |
| Dondaicha | 606 | 632 |
| Siliguri | 1858 | 1551 |
| Sainthia | 1003 | 769 |
| Purvanchal-Kolkata | 2887 | 2957 |
| Guwahati | 195 | 247 |
| Katihar | 166 | 178 |
| Raipur | 792 | 769 |
| Ratlam | 2400 | 3112 |
| Kesinga | 153 | 202 |
| Sunam | 339 | 421 |
| Total | 48,270 | 46,508 |

रक्तदान के क्षेत्र में विश्व की सबसे अधिक रक्तदाता संस्था होने का गौरव प्राप्त अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् वर्ष पर्यन्त अपनी शाखा परिषदों के माध्यम से **"मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव"** के अंतर्गत रक्तदान शिविरों का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष अभातेयुप अपनी शाखा परिषदों के माध्यम से **"MBDD RHYTHM (Round Year Humanity Theme)** का आयोजन कर रही है, जिसमें माह के अनुसार आंवटित राज्य में शाखा परिषद् रक्तदान शिविरों का आयोजन कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें एवं रक्त की आवश्यकता के अनुसार रक्तदान शिविरों का आयोजन करें। एमबीडीडी से सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त करने हेतु सम्पर्क करें:-

**प्रभारी**
हितेश भांडिया, 9829298364

**सहप्रभारी**
सौरभ पटवारी, 9825141911


MBDD 2024
RHYTHM
ROUND-YEAR HUMANITY THEME

Guidelines for Parishads

1) Each state shall be assigned a month, in which parishads need to organise maximum camps as per blood requirement of the region.
2) State Coordinators need to make sure the participation of every parishad and aim for blood donation camps on every day of the month.
3) Parishads shall inform date of camps to State coordinators in advance.
4) Every Parishad shall trigger their past connections with Supporters, Partners & Dignitaries during this campaign to ensure strong sustainable relations.
5) All camps shall be registered on E Raktkosh portal under TYP heading.
6) The Mission of the campaign is active participation of every parishad/ state to facilitate the rhythm of MBDD across the year 2024.

AKHIL BHARTIYA TERAPANTH YUVAK PARISHAD


MBDD 2024
RHYTHM
ROUND-YEAR HUMANITY THEME

| Month | State | Coordinator | Contact |
|---|---|---|---|
| October | UP & Rest of North India | Jatan Shyamsukha (Coach) | 8368108585 |
| | | Dilip Maloo | 9651657177 |
| | | Rajesh Soni | 8302240555 |
| | Delhi | Vikash Surana | 9811891097 |
| | | Mayank Jain | 9811146513 |
| | | Arush Bothra | 9811514724 |
| | Chhatisgarh | Rishabh Chajjer | 8720000062 |
| | Nepal | Jinendra Naulkha | 0977-9852027081 |
| | | Mohit Lalwani | 0977-9817396150 |
| November | Kolkata | Anant Bagrecha (Coach) | 9007811111 |
| | | Sunil Dugar | 9831038394 |
| | | Sandeep Daga | 9831058450 |
| | | Saurabh Shyamsukha | 9830480606 |
| | Rest of WB | Sumit Chajjer | 9932750199 |
| | | Rajiv Gothi | 9126666666 |

AKHIL BHARTIYA TERAPANTH YUVAK PARISHAD

**प्राप्त जानकारी अनुसार अगस्त माह में आयोजित रक्तदान शिविरों का विवरण**

| No. | Date | Parishad | Units |
|---|---|---|---|
| 1 | 01-08-24 | TYP Cuttack | 20 |
| 2 | 03-08-24 | TYP Tezpur | 251 |
| 3 | 04-08-24 | TYP Purvanchal | 61 |
| 4 | 04-08-24 | TYP South Kolkata | 51 |
| 5 | 04-08-24 | TYP Purvanchal | 46 |
| 6 | 04-08-24 | TYP Surat | 72 |
| 7 | 11-08-24 | TYP Jamshedpur | 84 |
| 8 | 11-08-24 | TYP Surat | 34 |
| 9 | 13-08-24 | TYP Ranchi | 30 |
| 10 | 14-08-24 | TYP Jamshedpur | 202 |
| 11 | 15-08-24 | TYP Chas Bokaro | 40 |
| 12 | 15-08-24 | TYP Ranchi | 90 |
| 13 | 15-08-24 | TYP T. Dasarhalli | 55 |
| 14 | 15-08-24 | TYP South Howrah | 70 |
| 15 | 15-08-24 | TYP Jaipur | 34 |
| 16 | 15-08-24 | TYP Jaipur | 39 |
| 17 | 15-08-24 | TYP Purvanchal | 67 |
| 18 | 15-08-24 | TYP Purvanchal | 38 |
| 19 | 15-08-24 | TYP Udhna | 45 |
| 20 | 17-08-24 | TYP Jamshedpur | 41 |
| 21 | 25-08-24 | TYP Purvanchal | 32 |
| 22 | 25-08-24 | TYP Surat | 40 |
| 23 | 30-08-24 | TYP Ranchi | 15 |
| 24 | 30/31-08 | TYP Katihar | 54 |

















## प्राप्त जानकारी अनुसार सितम्बर माह में आयोजित रक्तदान शिविरों का विवरण

| No. | Date | Parishad | Units |
|---|---|---|---|
| 1 | 10-09-24 | TYP Birgunj (Nepal) | 107 |
| 2 | 11-09-24 | TYP Birgunj (Nepal) | 130 |
| 3 | 11-09-24 | TYP Birgunj (Nepal) | 31 |
| 4 | 12-09-24 | TYP Birgunj (Nepal) | 111 |
| 5 | 12-09-24 | TYP Birgunj (Nepal) | 25 |
| 6 | 13-09-24 | TYP Birgunj (Nepal) | 35 |
| 7 | 14-09-24 | TYP Birgunj (Nepal) | 211 |
| 8 | 15-09-24 | TYP Faridabad | 46 |
| 9 | 15-09-24 | TYP Birgunj (Nepal) | 116 |
| 10 | 16-09-24 | TYP Bareta | 78 |
| 11 | 16-09-24 | TYP Birgunj (Nepal) | 27 |
| 12 | 16-09-24 | TYP Birgunj (Nepal) | 51 |
| 13 | 16-09-24 | TYP Jodhpur @Siriyari | 108 |
| 14 | 17-09-24 | TYP Gandhinagar-Bangalore | 23 |
| 15 | 17-09-24 | TYP Gandhinagar-Bangalore | 11 |
| 16 | 17-09-24 | TYP Gandhinagar-Bangalore | 7 |
| 17 | 17-09-24 | TYP Gandhinagar-Bangalore | 18 |
| 18 | 17-09-24 | TYP Yashwantpur | 20 |
| 19 | 17-09-24 | TYP Yashwantpur | 14 |
| 20 | 17-09-24 | TYP Yashwantpur | 8 |
| 21 | 17-09-24 | TYP Rajajinagar | 42 |
| 22 | 17-09-24 | TYP Rajajinagar | 20 |
| 23 | 17-09-24 | TYP Rajajinagar | 7 |
| 24 | 17-09-24 | TYP Rajajinagar | 15 |
| 25 | 17-09-24 | TYP HBST (Hanumantnagar) | 50 |
| 26 | 17-09-24 | TYP HBST (Hanumantnagar) | 71 |
| 27 | 17-09-24 | TYP HBST (Hanumantnagar) | 29 |
| 28 | 17-09-24 | TYP HBST (Hanumantnagar) | 46 |
| 29 | 17-09-24 | TYP RRNagar | 17 |
| 30 | 17-09-24 | TYP RRNagar | 9 |
| 31 | 17-09-24 | TYP RRNagar | 4 |
| 32 | 17-09-24 | TYP T. Dasarhalli | 8 |
| 33 | 17-09-24 | TYP T. Dasarhalli | 30 |
| 34 | 17-09-24 | TYP T. Dasarhalli | 29 |
| 35 | 17-09-24 | TYP Vijaynagar | 21 |
| 36 | 17-09-24 | TYP Vijaynagar | 23 |
| 37 | 17-09-24 | TYP Vijaynagar | 42 |
| 38 | 17-09-24 | TYP Vijaynagar | 70 |
| 39 | 17-09-24 | TYP Faridabad | 30 |
| 40 | 17-09-24 | TYP Birgunj (Nepal) | 34 |
| 41 | 17-09-24 | TYP Birgunj (Nepal) | 19 |
| 42 | 17-09-24 | TYP Surat | 31 |
| 43 | 17-09-24 | TYP Udaipur | 101 |
| 44 | 17-09-24 | TYP Sirsa | 33 |
| 45 | 18-09-24 | TYP Faridabad | 46 |
| 46 | 18-09-24 | TYP Birgunj (Nepal) | 51 |
| 47 | 19-09-24 | TYP Faridabad | 91 |
| 48 | 19-09-24 | TYP Uttar Kolkata | 56 |
| 49 | 19-09-24 | TYP Birgunj (Nepal) | 107 |
| 50 | 19-09-24 | TYP Jaipur | 31 |
| 51 | 19-09-24 | TYP Udaipur | 55 |
| 52 | 19-09-24 | TYP Udaipur | 51 |
| 53 | 19-09-24 | TYP Udaipur | 31 |
| 54 | 19-09-24 | TYP Udhna | 30 |
| 55 | 20-09-24 | TYP Birgunj (Nepal) | 72 |
| 56 | 22-09-24 | TYP Madanganj Kishangarh | 213 |
| 57 | 22-09-24 | TYP Bhuj Kachh | 20 |
| 58 | 22-09-24 | TYP Faridabad | 30 |
| 59 | 22-09-24 | TYP Surat | 15 |
| 60 | 22-09-24 | TYP Hassan | 45 |
| 61 | 22-09-24 | TYP Sardarpura (Jodhpur) | 165 |
| 62 | 22-09-24 | TYP Sardarshahar | 271 |
| 63 | 22-09-24 | TYP Sunam | 40 |
| 64 | 24-09-24 | TYP T. Dasarhalli | 17 |
| 65 | 27-09-24 | TYP Faridabad | 60 |
| 66 | 27-09-24 | TYP Faridabad | 28 |
| 67 | 28-09-24 | TYP Gurgaon | 58 |
| 68 | 29-09-24 | TYP Adarsh Nagar | 41 |
| 69 | 29-09-24 | TYP Faridabad | 38 |
| 70 | 29-09-24 | TYP Surat | 10 |

















Central Red Cross Blood Centre, Cuttack
BLOOD DONATION CAMP
मंथन
विनायक
RUPA
BLOOD DONATION CAMP
MEGA BLOOD DONATION DRIVE
BLOOD DONATION CAMP

संगठन की सुदृढ़ता की दृष्टि से देश एवं विदेश के सम्पूर्ण तेरापंथी युवाओं के सम्पर्क सूत्र से सम्बन्धित अपेक्षित जानकारी का संग्रहण आवश्यक कार्य है। गत कुछ समय से अभातेयुप इस दिशा में गतिशील है और **''डाटा मैनेजमेंट एंड कलेक्शन''** के अंतर्गत डेटा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत शाखा परिषदें अपने क्षेत्र के समस्त युवकों से सम्पर्क कर उनके बारे में आवश्यक जानकारी एकत्रित करती हैं, उन्हें अभातेयुप के आयामों से अवगत करवाते हुए उनसे तेयुप से जुड़ने का आह्वान करती है। शाखा परिषदों द्वारा एकत्रित यह जानकारी अभातेयुप के पास संग्रहित होती है। अभातेयुप उसे अपनी वेबसाईट पर अपलोड करते हुए शीघ्र ही एक डिजिटल डायरेक्टरी के रूप में भी प्रस्तुत करने जा रही है। एक-दूसरे से सम्पर्क एवं युवकों को विभिन्न संघीय प्रवृत्तियों में जोड़ने की दृष्टि से यह एक उपयोगी कदम होगा। तेयुप के सभी साथियों के डाटा कलेक्शन का कार्य का गतिमान है और लगभग **317 परिषदों** का डाटा आ चुका है। शेष सभी परिषदों से निवेदन है आप जल्द से जल्द डाटा हमें प्रेषित करें। परिषदें किसी भी प्रकार की जिज्ञासा समाधान के लिए आयाम प्रभारी एवं सहप्रभारी से सम्पर्क करें:-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| अंकुर लुणिया, 9007283624 | देव चावत, 9413639891 |

---

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् की गतिविधि **'प्रकाशन'** के अंतर्गत साप्ताहिक मुखपत्र है– **'अखिल भारतीय तेरापंथ टाइम्स'**। यह साप्ताहिक पत्र पूज्यप्रवर, चारित्रात्माओं एवं समण श्रेणी के सान्निध्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, अभातेयुप के विविध आयामों से सम्बन्धित सूचनाओं व समाचारों, संघीय संस्थाओं की गतिविधियों व महत्वपूर्ण सूचनाओं का संवाहक है। त्वरित कवरेज, सुनियोजित संकलन एवं सुव्यवस्थित प्रस्तुतिकरण के माध्यम से संघीय समाचारों के इस मुखपत्र का तेरापंथ समाज में अपना एक गरिमापूर्ण स्थान है। शाखा परिषदों से निवेदन है कि अपने क्षेत्रों में आयोजित होने वाले संघीय एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों के समाचार तेरापंथ टाइम्स में प्रकाशन हेतु abtyptt@gmail.com मेल पर प्रेषित करवायें। ई-तेरापंथ टाइम्स वेब पोर्टल www.terapanthtimes.com पर पढ़ा जा सकता है।

अभातेयुप की मासिक पत्रिका के रूप में **'युवादृष्टि'** एक लोकप्रिय पत्रिका के रूप में प्रतिष्ठित है। प्रतिमाह प्रकाशित यह पत्रिका अपने हजारों पाठकों के लिए विभिन्न विषयों पर मौलिक, सुरूचिपूर्ण, ज्ञानवर्धक और समसामायिक सामग्री प्रस्तुत करती है। आकर्षक कलेवर में प्रकाशित यह पत्रिका संगठन की एक महत्वपूर्ण गतिविधि के रूप में संचालित है। युवादृष्टि के सदस्य बनने हेतु सदस्यता शुल्क दो वर्ष के लिए ₹1800 एवं पांच वर्ष के लिए ₹4200 है (कुरियर चार्ज सहित)।

अभातेयुप नव सृजन के रूप में अंग्रेजी भाषा की नई मासिक पत्रिका **'इनजिनियरस युवा'** का प्रकाशन किया जा रहा है। सदस्य बनने हेतु सदस्यता शुल्क एक वर्ष के लिए ₹1000 एवं दो वर्ष के लिए ₹1800 है (कुरियर चार्ज सहित)।

इन पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से जन-जन तक न केवल पठनीय सामग्री पहुंचती है अपितु धर्मसंघ से जुड़ने का अवसर भी प्राप्त होता है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित प्रभारी, सहप्रभारी एवं संपादक से संपर्क करें:–

| राष्ट्रीय प्रभारी | राष्ट्रीय सहप्रभारी |
|---|---|
| अमित गन्ना, 8690237726, 9898130097 | रवि डोशी, 9320010485 |

| तेरापंथ टाइम्स | युवादृष्टि | इनजिनियरस युवा |
|---|---|---|
| कार्यकारी संपादक | कार्यकारी संपादक | कार्यकारी संपादक |
| रोहित कोठारी, 9964222652 | विपिन पितलिया, 8619750588 | राजीव सुराणा, 9772223458 |




परम श्रद्धेय आचार्य श्री महाश्रमणजी के मार्गदर्शन में संचालित अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् की युवा वाहिनी के अंतर्गत **"तेरापंथ टास्क फोर्स (TTF)"** समर्पित एवं संकल्पित युवाओं का ऐसा संगठन है जो आपदा-विपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने में निपुण एवं सक्षम है। संघ, समाज और राष्ट्र की सेवा एवं सुरक्षा को तत्पर यह संगठन प्रतिकूल एवं विषम परिस्थितियों में जीवन रक्षक संजीवनी के रूप में कार्य करती है। प्राकृतिक या दुर्घटनावश होने वाली परिस्थितियां मानव जीवन, जान-माल, पर्यावरण एवं सामाजिक कार्यकरण को व्यापक क्षति पहुंचाती है, इनके प्रबंधन और नियंत्रण हेतु कुशल व्यक्ति अपने ज्ञान एवं अनुभव से सेवा एवं सुरक्षा का महनीय कार्य कर सकते हैं। तेरापंथ टास्क फोर्स इसी कल्पना का मूर्त रूप है। ट्रेनिंग के लिए अभातेयुप को भारतीय सेना की इकाई National Disaster Response Force (NDRF) ने स्वीकृति प्रदान की है। ट्रेनिंग प्राप्त युवाओं द्वारा जनमानस के सशक्तिकरण हेतु मिशन एंपावरमेंट कार्यशाला का वर्चुअल व सशरीर आयोजन कर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-

**प्रभारी मनीष पटावरी, 9885068956** **सहप्रभारी मयंक धाकड़, 9867837260**

## TTF TRAINERS

**BRIGADIER:** Jai Choraria • **MAJOR:** Naveen Bhandari, Chirag Pamecha, Lokesh Jain, Shrenik Kucheriya

**CAPTAIN:** Pratik Patwa, Bhavya Bothra, Giniyas Mehta, Yash Achha, Ashish Golecha, Vivek Bhansali, Rakesh Roshan

## TEAM GREEN BRIGADE

### LEADERSHIP PANEL

Jai Choraria-South Kolkata, Shrenik Kucheriya-Dhule, Naveen Bhandari-Ludhiana

### CORE COMMITTEE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Rishi Dhing, Kurla | Saurabh Surana, Kandivali | Pankaj Surana, Jalgoan | Vivek Baid, Faridabad |
| Jay Banthia, Liluah | Kushal Bhansali, Hyderabad | Bhavya Bengani, Delhi | Yash Surana, Guwahati |
| Vivek Munot, Vapi | Deepesh Baid, Gangashahar | Taman Sinyal, Chennai | Bhavesh Sancheti, Jaipur |
| Dixit Rathod, Vasai | Vivek Bhansali, Sri Dungargarh | Sayam Anchaliya, Surat | Utkarsh Malu, Purvanchal |
| Mayank Daga, Surat | Anant Choraria, South Howrah | Akhil Bapna, Kankroli | Nayan Ranka, Bhilwara |

## TTF SOCIAL MEDIA LINKS

CLICK ON THE ICON AND VISIT OUR SOCIAL MEDIA PLATFORM

Channels – FOLLOW US ON WHATSAAP CHANNEL
FOLLOW US ON FACEBOOK
SUBSCRIBE OUR YOUTUBE CHANNEL
FOLLOW US ON INSTAGRAM
FOLLOW US ON TWITTER
VISIT OUR WEBSITE

**Share your Suggestion on : terapanthtaskforce@gmail.com**
**Or Drop the Message on : +91-9885068956 , +91-9867837260**




अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के तत्वावधान में तेरापंथ टास्क फोर्स **"हर घर टीटीएफ"** का आयोजन दिनांक 01 जुलाई से 20 अगस्त 2024 तक किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न शाखा परिषदों के माध्यम से टीटीएफ घर-घर तक विभिन्न आपदा-विपदा में बरते जाने वाली सतर्कता के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में तेरापंथ टास्क फोर्स के विभिन्न ट्रेनर्स के द्वारा ज़ूम के माध्यम से ट्रेनिंग दी गई। इस कार्यक्रम में 140 से अधिक परिषदों की सहभागिता रही एवं 73 वर्चुअल मिशन एंपावरमेंट कार्यशाला आयोजित हुई, जिसमें 4235 से अधिक संभागियों की सहभागिता रही।

PERSONALITY DEVELOPMENT WORKSHOP

तेरापंथ युवक परिषद् एक ऐसी निर्माणशाला है जहाँ त्रिआयामी उद्देश्यों को पूर्ण करते हुए हर सदस्य अपने व्यक्तित्व में निरंतर विकास एवं निखार लाता है। युवाओं में व्यक्तित्व का विकास निरंतर हो इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर अभातेयुप ने शाखा परिषदों के माध्यम से **''व्यक्तित्व विकास कार्यशाला''** का आयोजन करने का लक्ष्य रखा है। यह कार्यशालाएं विभिन्न विषयों पर आधारित हो सकती है जैसे आध्यात्मिक, सामाजिक, व्यवहारिक, पारिवारिक आदि एवं दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम Who Am I का आयोजन भी किया जा सकता है। किसी भी कार्यक्रम के लिए ट्रेनर/मुख्य वक्ता, विषय की जानकारी या अन्य कोई जानकारी के लिए इच्छुक परिषदें संपर्क करें :-

**प्रभारी**
तरीन मेहता, 9893218000

**सहप्रभारी**
रूपम पटवा, 9425943543

WHO AM I TO I AM...

MAKE YOUR MARK

## प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अगस्त एवं सितम्बर माह तक आयोजित व्यक्तित्व विकास कार्यशालायें






| क्र. | दिनांक | पावन सान्निध्य | व्यक्तित्व विकास कार्यशाला | प्रशिक्षक | आयोजक परिषद् | उपस्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | 04.08.24 | साध्वीश्री मंगलप्रभाजी आदि ठाणा | 'युवा जीवन और समय प्रबंधन' | राजेंद्रजी सेठिया | जयपुर | 120+ |





| क्र. | दिनांक | पावन सान्निध्य | व्यक्तित्व विकास कार्यशाला | प्रशिक्षक | आयोजक परिषद् | उपस्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | 22.09.24 | साध्वीश्री शिवमालाजी आदि ठाणा | 'घर बने स्वर्ग' | दिनेशजी बुरड़ | हैदराबाद | 250+ |





| क्र. | दिनांक | पावन सान्निध्य | व्यक्तित्व विकास कार्यशाला | अध्यक्षता | स्थान | आयोजक परिषद् | उपस्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | 23.09.24 | मुनिश्री योगेशकुमारजी एवं मुनिश्री उदितकुमारजी | 'युवा और अध्यात्म' | जयेशजी मेहता | सूरत | अहमदाबाद | 300 |







| क्र. | दिनांक | पावन सान्निध्य | व्यक्तित्व विकास कार्यशाला | अध्यक्षता | आयोजक परिषद् | उपस्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | 25.09.24 | साध्वीश्री काव्यलताजी आदि ठाणा | 'दायित्व के दर्पण में युवा शक्ति' | रमेशजी डागा | अमराईवाड़ी ओढ़व | 120+ |







| क्र. | दिनांक | पावन सान्निध्य | व्यक्तित्व विकास कार्यशाला | अध्यक्षता | प्रशिक्षक | आयोजक परिषद् | उपस्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | 29.09.24 | साध्वीश्री शिवमालाजी आदि ठाणा | 'एक कदम मोक्ष की ओर' | जयेशजी मेहता | दिनेशजी बुरड़ | हैदराबाद | 250+ |

अभातेयुप द्वारा समाज के युवा वर्ग के लिए एक महनीय आयाम है **"फिट युवा हिट युवा"**। समाज के 15 वर्ष से 45 वर्ष के किशोरों एवं युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को दृष्टिगत रखते हुए यह आयाम प्रस्तुत किया गया है। यदि किशोर एवं युवा स्वस्थ हैं तो परिवार, समाज और राष्ट्र भी स्वस्थ बन सकेगा और हम स्वस्थ भारत की परिकल्पना की ओर अपने कदम बढ़ा सकेंगे। स्वस्थ होने से तात्पर्य केवल शारीरिक स्वास्थ्य से नहीं है, वरन मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य से भी है। फिट युवा हिट युवा मिशन समाज के हर युवा के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के निर्माण में सहयोगी बन सकेगा, ऐसा विश्वास है। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

FIT HIT युवा

| प्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|---|
| **पवन नौलखा, 8567066061** | **अंकुर लुणिया, 9007283624** | **सिद्धार्थ चोरड़िया, 7779973802** |










फिट युवा हिट युवा के अंतर्गत सितंबर माह में उदयपुर, लुधियाना, चलथान परिषद् द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। उदयपुर में रन फॉर हेल्थ थीम पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिसमें विभिन्न संगठनों के कई प्रतिभागी शामिल हुए। लुधियाना में एक नए प्रकार का पोषण संबंधी फिट युवा : हिट युवा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को बताया गया कि कितनी कैलोरी लेनी है और कैसे ऊर्जावान बने रहना है। 150 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया एवं योग तकनीकों के साथ फिट होने का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बताया गया कि योग कैसे और कब करना है। इसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। चलथान में एक धीरज कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें परिषद सदस्यों के साथ दैनिक फिटनेस के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया गया।

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा **'नेत्रदान'** अभियान चलाया जा रहा है जिसमें शाखा परिषदों के माध्यम से नेत्रदान का सहमति पत्र भरवाकर बहुत बड़ा जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया है। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् ALL INDIA EYE BANK ASSOCIATION की सदस्य बनी है एवं पूरे भारत में सभी EYE BANK से संपर्क कर लगभग सभी क्षेत्रों में नेत्रदान करवाने में सक्षम है। भारतवर्ष में लगभग सभी राज्यों के बड़े शहरों में EYE BANK है। परिषद् EYE BANK से संपर्क कर टीम बुलाकर नेत्रदान करवा सकती है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:–

॥ नमो चक्खुदयाणं ॥
चक्षुदाता को नमस्कार
Eye Donation

| राष्ट्रीय प्रभारी | राष्ट्रीय सहप्रभारी | राष्ट्रीय सहप्रभारी | राष्ट्रीय सहप्रभारी |
|---|---|---|---|
| सुनील दूगड़ | कोमल डागा | कैलाश तातेड़ | कमलेश भंसाली |
| 9831038394 | 9841322218 | 9799416761 | 9029911109 |

## नेत्रदान रिपोर्ट

### AUGUST, 2024

| Sl.No. | NAME OF PARISHAD | STATE | EYE DONATION |
|---|---|---|---|
